तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शुक्रवार 12 जनवरी 2024

[ बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट ]

12 सर्वर डाउन, श्रमिकों की पंजीयन-नवीनीकरण कराने ...



13 दुर्गा मंदिर के सामने गेट हटाकर बनाई सड़क...



## खबर संक्षेप

### पीएम आज करेंगे युवाओं को संबोधित

**बेमेतरा।** 27वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव के अवसर पर आज शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के युवाओं के नाम संदेश देंगे। जिला प्रशासन ने आमजनों के लिए इसके सीधे प्रसारण की व्यवस्था शासकीय पं. जवाहर लाल नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोबिया में किया गया है। सीधा प्रसारण पूर्वान्ह 12.15 बजे से होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज महाराष्ट्र के नासिक में 27वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव का उद्घाटन करेंगे और राष्ट्र के युवाओं को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का स्टॉल भी लगाया जायेगा। कॉलेज के छात्र-छात्राओं और युवकों द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जायेगी। यातायात जागरूकता, पोषण एवं आहार, केवीआईसी स्टार्टअप के उत्पादों, पीएमईजीपी लाभार्थियों आदि पर केंद्रित मेगा कार्यक्रम के साथ विभिन्न गतिविधियां / नामांकन / जागरूकता अभियानों के साथ ही साथ स्टॉल लगाया जाएगा।

### ग्राम पंचायतों के निर्माण कार्यों व भुगतान पर रोक

**साजा।** जनपद पंचायत में गुरूवार को सरपंच संघ की बैठक आयोजित की गई। जिसमें जनपद अध्यक्ष दिनेश वर्मा भी उपस्थित रहे। बैठक में शामिल सरपंचों ने निर्माण कार्यों के बंद होने व भुगतान नहीं होने पर आक्रोश व्यक्त किया। सरपंचों ने सोमवार को जिलाधीश से मुलाकात करने का निर्णय लिया है। सरकार बदलने के बाद पंचायत में चल रहे निर्माण कार्यों पर अघोषित रूप से रोक लगा दिया गया है। वहीं भुगतान पर भी रोक लगी हुई है जिसके चलते सरपंच निर्माण कार्यों का भुगतान नहीं कर पा रहे हैं। निर्माण कार्यों पर रोक के लिखित आदेश न होने के बावजूद कार्यों को रोका जा रहा है। जो की पूर्ण रूप से गलत है। बैठक में सर्वसम्मति से इस मामले को लेकर कलेक्टर से शिकायत करने की बात की गई। बैठक में सरपंच जलेसर राजपूत, शबनम बानो, चंद्रशेखर पटेल, युवराज साहू, कुलदीप पटेल, ईश्वर साहू, अशोक पटेल सहित समस्त सरपंच बैठक में उपस्थित रहे।

### सत्ता बदलते ही मारो कनिष्ठ यंत्री कार्यालय में कामकाज शुरू

**बेमेतरा/नारायणपुर।** प्रदेश में सत्ता परिवर्तन का असर अब नगर पंचायत मारो के बंद पड़े कनिष्ठ यंत्री कार्यालय में दिखने लगा है। यहां पिछले कई महीनों से बंद पड़े कनिष्ठ यंत्री कार्यालय में कामकाज शुरू होने लगा है। जहां बिजली बिल जमा करने के अलावा विद्युत से संबंधित अन्य कार्य सुचारू रूप से चालू होने लगा है, जहां कार्यालय में एक कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा कार्य को संपादित किया जा रहा है। हालांकि यहां जेई कब बैठेंगे यहां तय नहीं है, परंतु कार्यालय शुरू होने से नगर सहित क्षेत्र के उपभोक्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है तथा कार्यालय को नियमित रूप से संचालित करने की मांग नगर के लोगों ने कि है।

# संत समागम मेले में श्रद्धालुओं को न हो किसी भी तरह की परेशानी : दयालदास बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- मंत्री बघेल ने तैयारियां देखी, अधिकारियों को दिए जरूरी दिशा-निर्देश

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयाल दास बघेल ने गुरुवार को दूसरी बार बेमेतरा जिले के कबीर पंथ से जुडे. महत्वपूर्ण स्थल लोलेसरा में आज से शुरू हो रहे 4 दिवसीय संत समागम की तैयारियों का अंतिम जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को ज़रूरी दिशा-निर्देश दिये। मंत्री श्री बघेल ने इससे पहले इसी माह की 8 तारीख को भी तैयारियां देखी थी। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पंथ श्री हुज़ूर उग्रनाम साहब स्मृति संत समागम मेला का आयोजन 12 से 15 जनवरी तक किया जा रहा है। कैबिनेट मंत्री दयालदास बघेल ने कहा कि प्रदेश से ही नहीं, अन्य प्रदेशों से भी काफी तादाद में कबीर पंथ के अनुयायी शामिल होते हैं। इसलिए समय रहते सभी ज़रूरी व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाये। साथ ही मेला स्थल पर श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। पेयजल, शौचालय और नियमित साफ-सफाई पर विशेष जोर दिया। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने अब तक की तैयारियों की जानकारी से अवगत कराया।

### ग्राम लोलेसरा में आज 4 दिवसीय संत समागम मेले का होगा आगाज



#### पार्किंग स्थल को समतल बनाएं

उन्होंने पार्किंग व्यवस्था और कुछ जगह ऊबड़-खाबड़ ज़मीन को समतलीकरण करने के निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक को यातायात और वाहनों की पार्किंग व्यवस्था पर ज़्यादा ध्यान देने कहा। पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता ने क़ानून और सुरक्षा व्यवस्था से मंत्री को अवगत कराया। इस अवसर पर एडीएम डॉ. अनिल बाजपेयी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुश्री सुरुचि सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी और मेला आयोजन समिति के पदाधिकारी, सरपंच प्रतिनिधि गण सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### सियासत : भाजपा ने घोषणापत्र पर अमल करना भी प्रारंभ कर दिया

# जनता को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाना मेरी जिम्मेदारी : ईश्वर साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/थानखम्हरिया

केन्द्र की योजनाओं को राज्य की कांग्रेस सरकार ने दुर्भावनावश रोक दिया था जिससे जनता को लाभ से वंचित होना पड़ रहा था, लेकिन भाजपा की राज्य में सरकार बनते ही मोदी की गारंटी पर अमल होना प्रारंभ हो गया है। उक्त बातें नगर के कन्या स्कूल मैदान में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में विधायक ईश्वर साहू ने कही। श्री साहू ने कहा कि भाजपा ने घोषणापत्र पर अमल करना भी प्रारंभ कर दिया है। सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने की जिम्मेदारी मेरी है।



#### फल-मिठाइयों से तौला

सभा को पुन्नी यादव, अनिल सिंघानिया, जितेन्द्र साहू, सुरेश सिंघानिया ने भी संबोधित किया। सभा में उपस्थित सभी लोगों ने 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने की शपथ ली। स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। ईश्वर साहू के काफिले का नगर में कई जगहों पर स्वागत किया गया। अनेक स्थानों पर उन्हें सब्जियों, फल, मिठायी से तौला गया। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाये गए, जिनमें आम लोगों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी। सभा में अनेक हितग्राहियों को आवास स्वीकृति, दवा कीट आदि का वितरण किया गया।

#### ये रहे मौजूद

आयोजन में नथमल कोठारी, सरिता जैन, पूरन कश्यप, घनश्याम ठाकुर, परमेश्वर वर्मा, लोकनाथ पटेल, चंद्रशेखर साहू, सतीष जैन, मधु राजपूत, नमिता सिन्हा, भागवत सिन्हा, राजेंद्र निर्मालकर, मनीष कंकरवाल, संतोष तेली, विजय शर्मा, संपत तिवारी,अतुल सिंघानिया,राहुल छाबड़ा, मुकेश सिंघानिया,दीपक बंसल,आदर्श जोशी, गिरधारी देवांगन, पवन सिन्हा, रामस्नेही नामदेव,रमेश जैन, तोशुराम वर्मा,हरी अग्रवाल प्रमुख रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन चंद्रशेखर राजपूत तथा ढाल सिंह राजपूत ने किया।

#### अधिकारी-कर्मचारी रवैया बदल लें

इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी ने कहा कि अब भाजपा की सरकार आ गई है। आप निर्भीक हो जाएं मन के डर को निकाल दें। कांग्रेस पर आरोप लगाते हुये श्री जोशी ने कहा कि कांग्रेस शासन में दलाली का काम चल रहा था। थाना, तहसील, स्कूल, पटवारी आदि कार्यालयों में कांग्रेस के दलालों का बोलबाला था। जब तक इन्हें दलाली नहीं मिलती थी, किसी का कोई काम नहीं हो रहा था। लेकिन अब अधिकारी कर्मचारी रवैया बदल लें। कांग्रेस ने सत्ता में आते ही भाजपा कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित करने का काम किया। उन्हें परेशान किया। कांग्रेसी सत्ता के मद में फूले हुए थे। नगर पंचायत को आढ़े हाथ लेते हुये कहा कि जनता द्वारा चुने गये अध्यक्ष को हटाकर नगर पंचायत में मनमानी तथा भ्रष्टाचार किया गया औंर बदलापुर की राजनीति की गई। गरीबों के आवास रोके गये। भाजपा मण्डल महामंत्री राजेश ठाकुर ने कहा नगर पंचायत में करोड़ों रू. की राशि भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दी गयी।

# डीएवी के वार्षिकोत्सव में नेशनल स्पोर्ट्स खेलकर लौटे विद्यार्थियों को मंत्री दयालदास करेंगे पुरस्कृत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/दाढ़ी

- देश के 23 राज्यों के 550 बच्चों ने लिया था स्पोर्ट्स में भाग

समीपस्थ ग्राम जांता में स्थित डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में रविवार को वार्षिक उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री दयाल दास बघेल मौजूद रहेंगे वहीं छत्तीसगढ़ शिक्षण संस्थान के प्रमुख व डिप्टी रीजनल ऑफिसर प्रशांत कुमार, सहायक क्षेत्रीय अधिकारी बीपी साहू विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मलित होंगे ।

#### 19 बच्चों का होगा सम्मान

संस्था प्रमुख श्री जायसवाल ने बताया कि मंत्री श्री बघेल नेशनल स्पोर्ट्स दिल्ली से लौटे 19 बच्चों को सम्मानित भी करेंगे। जिसमें डीएवी पब्लिक स्कूल राजेन्द्र नगर साहिबाबाद में एथलेटिक्स व डीएवी पब्लिक स्कूल ब्रिज बिहार गाजियाबाद से अंडर 14 व अंडर 19 कब्बड्डी के लिए स्कूल के बच्चों ने भाग लिया था। जिसमें कुल 23 राज्य के 550 बच्चों ने भाग लिया था। जिसमें डीएवी जांता के 19 बच्चों ने भी भाग लिया था। कब्बड्डी में आंध्रप्रदेश, राजस्थान जैसे राज्य को अंडर 14 में यहां के छात्रों ने हराकर जीत हासिल की है। छत्तीसगढ़ डीएवी संस्थान के नाम के साथ ही डीए वी जांता का भी नाम रोशन किया है। दिल्ली में होने वाले पांच दिवसीय नेशनल स्पोर्ट्स में भाग लेकर डी ए वी जांता के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किए हैं। इन बच्चों को अतिथियो के द्वारा वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा।

# 13-14 को मतदान केन्द्रों में लगेगा विशेष शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 01 जनवरी 2024 की स्थिति में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किया गया है। जिसके अंतर्गत मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन06 जनवरी को किया गया है। दावा-आपत्ति 22 जनवरी तक लिया जाएगा। पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत दिनांक 13 एवं 14 जनवरी को विशेष शिविर का आयोजन मतदान केन्द्रों में किया जायेगा। मताधिकार के प्रयोग के लिए आवश्यक है कि सभी शासकीय अधिकारी-कर्मचारी भी निर्धारित फार्म भरकर अपने निवास / कार्य स्थल पर मतदाता सूची में नाम दर्ज करावें। कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने ज़िले के सभी कार्यालय प्रमुखों को पत्र जारी कर निर्देशित किया कि इस कार्यक्रम का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार करें। पुनरीक्षण कार्यक्रम अनुसार 1 जनवरी 24 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले नये मतदाता फार्म-6 भरकर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने आवेदन देंगे। मृत स्थायी रूप से स्थानांतरित एवं अनुपस्थित मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से काटने के लिए फार्म-7 भरे जायेंगे तथा फोटो परिचय पत्र में त्रुटि सुधार, डुप्लीकेट परिचय पत्र, एक स्थान से दूसरे पर नाम स्थानांतरित करने के लिए फार्म-08 भरे जायेंगे। इस प्रकार मतदाता सूची मे नाम जोड़ने, विलोपन एवं संशोधन के लिए निर्धारित प्रपत्र में दावा-आपत्ति 22 जनवरी तक मतदान केन्द्र में नियुक्त अभिहित अधिकारी एवं बीएलओ द्वारा स्वीकार किये जायेंगे।

# कलेक्टर-एसपी ने किया कस्तूरबा छात्रावास का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- आवासीय व्यवस्था सहित अन्य सुविधाओं का किया निरीक्षण

कलेक्टर रणबीर शर्मा व पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय परिसर बेमेतरा का औचक निरीक्षण कर छात्रावास की व्यवस्था का जायजा लिया । कलेक्टर ने विद्यालय में बालिकाओं की उपस्थिति, भोजन व्यवस्था, आवासीय व्यवस्था सहित अन्य सुविधाओं का निरीक्षण करते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं नियमित रूप से सुनिश्चित रखे जाने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिया। उन्होंने विद्यालय में कक्षाओं का अवलोकन करते हुए बालिकाओं से बातचीत कर उनकी रूचियों, जरूरतों, शिक्षा व्यवस्था एवं आवासीय सुविधाओं के बारे में जानकारी ली तथा भविष्य में आगे बढ़ने हेतु उनका मार्गदर्शन किया। उन्होंने बच्चों से छात्रावास की दिनचर्या और पढ़ाई के बारे में चर्चा की और भोजन सहित वहां मिलने वाली अन्य सुविधाओं की जानकारी ली साथ ही उन्हें खूब मन लगाकर पढ़ाई करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने निर्धारित मेनू अनुसार बच्चों को गुणवत्तापूर्ण भोजन प्रदान करने एवं परिसर की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।



#### शासन से मिलने वाली सुविधाओं की दी जानकारी

कलेक्टर ने हॉस्टल में दर्ज बच्चों की संख्या व रिक्त सीटों की जानकारी लेकर बच्चों को शासन द्वारा दी जाने वाली सारी सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं उन्हें पढ़ाई के अतिरिक्त अन्य गतिविधियों में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री शर्मा एवं एसपी ने कक्षा 8वीं में अध्ययनरत छात्राओं से परीक्षा की तैयारी के संबंध में चर्चा करते हुए उन्हें अच्छे से पढ़ाई करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने छात्राओं से बातचीत करते पूछा कि सुबह में क्या खाने को मिला, अच्छा खाना मिल रहा है या नहीं। क्लास सही से चल रही है या नहीं। यहां रहने में कोई दिक्कत तो नहीं आ रही है आदि की जानकारी ली।

#### कमजोर छात्राओं के लिए लगाएं विशेष कक्षाएं

उन्होंने अधीक्षिका को कमजोर छात्राओं के लिए सम्बन्धित विषय की अतिरिक्त कक्षाएं संचालित करने के लिए कहा। ताकि बोर्ड परीक्षा की उनकी तैयारी समय रहते पूर्ण हो सके। कलेक्टर एवं एसपी ने सातवीं की छात्रा चांदनी कुर्रे, स्नेहा यादव, कंचन व आठवीं की छात्रा सरस्वती पात्रे, प्रियंका चंदेल, तनीशा रात्रे एवं अन्य बच्चों से बात की और उन्होंने छात्राओं से कुछ सवाल भी किए, जिसका जवाब सुनकर वे खुश हो गए।

#### लक्ष्य को पाने दृढ़ संकल्प से करें मेहनत

इस दौरान छात्राओं ने कलेक्टर, एसपी, पायलट, टीचर एवं डॉक्टर बनने की इच्छा जाहिर की। जिस पर कलेक्टर एवं एसपी ने बच्चों से अपने भविष्य के लक्ष्य क्रो पूरा करने के लिए दृढ़ संकल्प से मेहनत कर अपने लक्ष्य क्रो प्राप्त करने हौसला अफजाई किया । इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ, अपर कलेक्टर डा.अनिल वाजपेयी, एसडीएम सुरुचि सिंह, डीईओ मिश्रा सहित शिक्षक और अधिक्षिका उपस्थित थे।

### गृहग्राम मुरता में आयोजित नवधा रामायण में शामिल हुए विधायक

# रामायण के प्रत्येक पात्र से हमें सीख लेने की है आवश्यकता : दीपेश साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

बुधवार को विधायक दीपेश साहू अपने गृहग्राम मुरता में आयोजित अखंड नवधा रामायण में शामिल हुए। विधायक दीपेश ने भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।

उन्होंने कहा कि रामायण का प्रत्येक पात्र हमें बेहतर जीवन जीने का मार्ग बताता है। उन्होंने ग्रामवासियों को नवधा रामायण आयोजित करने पर बधाई दी एवं ऐसे धार्मिक आयोजन हमेशा करते रहने की बात कही, जिससे हमारी आने वाली पीढ़ी भी इस आधुनिकता के दौर में भी संस्कारवान हो। उन्होंने कहा कि रामायण की सबसे बड़ी सीख है कि बुराई पर हमेशा अच्छाई की जीत होती है, बुराई कितनी भी शक्तिशाली क्यों ना हो। लेकिन अच्छी नीयत एवं गुणों के कारण सच्चाई की ही जीत होती है। इसीलिये हमें सदैव सच्चाई के रास्ते पर ही चलना चाहिए। रामायण हमें भाईचारा की शिक्षा देता है। आज कलियुग में सभी रिश्ते तार-तार हो रहे हैं, जमीन जायदाद के चक्कर में भाई- भाई का, पुत्र अपने पिता का गला काट रहा है, पति- पत्नी में लड़ाई-झगड़े होना आम बात हो गई है, ऐसे समय में हमे रामायण के प्रत्येक पात्र से सीख लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि रामायण का प्रत्येक चरित्र भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण, भरत, हनुमान, सुमित्रा जी सभी निःस्वार्थ भाव से त्याग, समर्पण बलिदान एवं अनन्य भक्ति की शिक्षा देते हैं।





विधायक ने कहा कि रामायण हमें भक्ति में शक्ति एवं विश्वास की शिक्षा देता है। जिस तरह से भगवान का नाम लिखने से पत्थर तैरने लगे और प्रभु श्रीराम का नाम लेकर सम्पूर्ण वानर सेना सेतु बनाकर सागर पार कर गई, उसी प्रकार प्रभु श्रीरामचंद्र जी की भक्ति से हम इस भवसागर को पार कर सकते हैं।

#### नवागढ़ चौक में हुआ स्वागत

नवनिर्वाचित विधायक दीपेश साहू का प्रथम नवागढ़ नगर आगमन पर राजीव गांधी चौक में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं साहू समाज के द्वारा भव्य आतिशबाजी के साथ स्वागत किया गया। तत्पश्चात उन्होंने नवागढ़ के माता कर्मा मंदिर एवं शक्ति मंदिर में दर्शन कर पूजन अर्चन किया। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष चंद्रपाल साहू, प्रेमु साहू, खोरबहरा साहू, कपिल साहू, हेमंत साहू, रामसागर साहू,मनी साहू, मनीष साहू, रोहित साहू, धनश्याम साहू सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

### 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ व पावन प्रज्ञा पुराण कथा आज से

**अंडा।** ग्राम चिंगरी में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में युग ऋषि वेदमूर्ति तपोनिष्ठ परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य एवं परम वंदनीय माता भगवती देवी शर्मा कि सूक्ष्म संरक्षण में मानव जीवन में छाई आस्था संकट तथा अचिंत्य चिंतन को बदलने जनकल्याण कि भावना को ध्यान में रखते हुए 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं पावन प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन आज से 16 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है। इसमें कलश यात्रा, युग संगीत, सामूहिक जाप, दीप महायज्ञ, प्रज्ञायोग व विभिन्न संस्कार जैसे पुंसवन संस्कार, मुंडन संस्कार, विद्यारम्भ संस्कार, दीक्षा संस्कार का आयोजन समस्त ग्रामवासी व गायत्री परिवार द्वारा कराया जाएगा।

पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप

### जैन को खनिज एमडी का अतिरिक्त प्रभार

**रायपुर।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी सुनील कुमार जैन को राज्य शासन ने प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ राज्य खनिज विकास निगम का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। वर्तमान में वे संचालक भौमिकी एवं खनिकर्म तथा अतिरिक्त प्रभार विशेष सचिव खनिज साधन विभाग, विशेष सचिव ऊर्जा विभाग तथा मिशन संचालक जल जीवन मिशन के पद पर पदस्थ हैं। उनके ये प्रभार यथावत बने रहेंगे। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने बुधवार को आदेश जारी किया है।

### महाराष्ट्र मंडल पहुंचे आर्किटेक्चर टीएम घाटे, किया अवलोकन

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल का नवनिर्मित भवन बहुत ही खूबसूरत और भव्य बना है। सुप्रसिद्ध आर्किटेक्चर, महाराष्ट्र मंडल के वरिष्ठतम सदस्य टीएम घाटे में इस आशय के विचार व्यक्त किए। महाराष्ट्र मंडल के नवनिर्मित भवन के लोकार्पण के बाद पहली बार यहां पहुंचे थे। घाटे ने कहा कि महाराष्ट्र मंडल का नवनिर्मित भवन सामाजिक न होते हुए व्यावसायिक भवन है। यह जरूरी भी है क्योंकि वर्तमान पीढ़ी की पसंद और चलन को ध्यान में रखकर इसे बनाया गया है। इस भवन के रखरखाव की तैयारी अभी से करनी पड़ेगी। भवन का बीमा हो, अग्निसुरक्षा के उपाय अपडेटेड हो, लिफ्ट की उम्र व मरम्मत के अतिरिक्त इलेक्ट्रॉनिक और इलेक्ट्रिकल संसाधनों के लगातार मेंटेनेंस और रिप्लेसमेंट की जरूरत पड़ते रहेगी, क्योंकि बड़े पैमाने पर इनका उपयोग होना है।

### बंसल को पीएम आवास ग्रामीण का अतिरिक्त प्रभार

**रायपुर।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी रजत बंसल को संचालक प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। उनके पास आयुक्त वाणिज्यक कर (जीएसटी) का दायित्व पहले से ही है। श्री बंसल से पहले पीएम आवास ग्रामीण का अतिरिक्त प्रभार निहारिका बारिक के पास था। श्री बंसल के कार्यभार ग्रहण करने के बाद से वे इस अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगी। छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कार्पोरेशन की प्रबंध संचालक पद्मिनी भोई साहू को उनके इस दायित्व के साथ मिशन संचालक राष्ट्रीय ग्रामीण आजिविका मिशन का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हितेश बघेल को मुख्यमंत्री की निजी स्थापना में विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, सूरज साहू को मुख्यमंत्री सचिवालय में अवर सचिव, आकाश गुप्ता को मुख्यमंत्री की निजी स्थापना में निज सहायक के रूप में पदस्थापना प्रदान की गई है।

### आत्मानंद स्कूलों के सभी भवन की जांच कराए सरकार

**रायपुर।** राजधानी के आत्मानंद स्कूल आरडी तिवारी स्कूल का प्लास्टर गिरने की घटना को गंभीर बताते हुए समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नवीन गुप्ता ने कहा कि पुराने स्कूलों का रेनोवेशन कर आत्मानंद स्कूल का संचालन किया जा रहा है। यहां पर पुरानी छतों की मरम्मत किए बिना केवल प्लास्टर ऑफ पेरिस की सीट लगाकर रंग रोगन कर दिया गया है। निर्माण कार्य की गुणवत्ता न होने के कारण इस तरह की घटनाएं पहले भी कई स्कूलों में हो चुकी हैं। जिला प्रशासन और राज्य सरकार से उन्होंने मांग की है कि ऐसे पुराने भवनों के रेनोवेशन की पूरी जांच कराएं, ताकि ऐसी घटनाओं से बच्चों को दुर्घटना का शिकार न होना पड़े। उन्होंने कहा कि आत्मानंद स्कूलों में सभी जगहों पर स्टाफ की समस्या भी है, उस पर भी ध्यान दिया जाए। यहां पढ़ने वाले बच्चों की सुरक्षित और अच्छी पढ़ाई हो, इसके लिए सुविधाओं को बढ़ाएं।

### मंत्री बृजमोहन ने किया कैलेंडर का विमोचन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कोषालय शासकीय कर्मचारी संघ का वार्षिक टेबल कैलेंडर का विमोचन उच्च शिक्षा और स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन मोहन अग्रवाल ने किया। इस मौके पर संघ के पदाधिरियों ने बताया कि इस कैलेंडर में छत्तीसगढ़ के पांचों संभाग के संभागीय संयुक्त संचालक, सभी जिलों के कोषालय अधिकारी तथा वित्त विभाग के महत्वपूर्ण अधिकारी-कर्मचारी का मोबाइल नंबर अंकित है, जो आमजन के लिए उपयोगी है। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

# चोरी की शिकायतों के बाद वॉटर मीटर में बदलाव, अब लगेंगे प्लास्टिक मीटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहरी पेय जल आपूर्ति योजना के अंतर्गत घरों में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर की चोरी की शिकायत को देखते हुए रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने अपने प्रोजेक्ट में लगाए जाने वाले वॉटर मीटर में बदलाव किया है। अब तांबा मिश्रित वाटर मीटर की जगह प्लास्टिक से बने वाटर मीटर लगाए जाएंगे। इसकी शुरुआत पुरानी बस्ती क्षेत्र से हो गई है। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा 130 करोड़ रुपए की लागत से शहर के 15 वार्डों में 170 किलोमीटर के दायरे में पाइप लाइन बिछाकर 2.50 लाख घरों तक 24 घंटे पेय जल की सुविधा प्रदान करने की योजना पर काम किया जा रहा है। दरअसल, शहर में अमृत मिशन के तहत लोगों के घरों में लगाए गए वाटर मीटर के चोरी होने की लगातार शिकायतें निगम प्रशासन को मिल रही थी, इसे ध्यान में रखते हुए रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड अब तांबा मिश्रित वॉटर मीटर की जगह प्लास्टिक के मीटर लगवा रहा है। इस व्यवस्था से मीटर चोरी की आम शिकायतें दूर होंगी। सूत्रों के मुताबिक प्लास्टिक मीटर की कीमत चोरों के लिए नगण्य होने के कारण मीटर चोरी की घटनाएं रुकेंगी। शहर में अमृत मिशन एवं स्मार्ट सिटी मिशन के 24 घंटे जलापूर्ति की योजना में मीटर चोरी की शिकायतें सामने आ रही थीं। इस पर संज्ञान लेते हुए प्लास्टिक से बने वाटर मीटर लगाए जाएंगे। शहर भर के 15 वार्डों में 20 हजार प्लास्टिक से बने वाटर मीटर मार्च माह तक लगाने का काम पूरा कर लिया जाएगा।

## तांबे मिश्रित वाटर मीटर नहीं लगेंगे, रायपुर स्मार्ट सिटी की 24 घंटे जलापूर्ति योजना

### 500 घरों में स्वचालित प्लास्टिक से बने वाटर मीटर लगाया गया

शहर की मोतीबाग पानी टंकी और गंज पानी टंकी को कमांड एरिया बनाकर रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड एबीडी एरिया के 15 वार्डों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शहरवासियों को 24 घंटे जल आपूर्ति की योजना पर काम कर रहा है। जितना पानी की खपत, उतना जल शुल्क के फार्मूले पर यह योजना लोगों के बीच लाई जा रही है। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड की अनुबंधित एजेंसी इन दिनों 15 चयनित वार्डों के 2.50 लाख घरों में 24 घंटे पानी पहुंचाने पाइप लाइन बिछाकर इंटरकनेक्शन दे रही है। इसके साथ प्लास्टिक से बने वाटर मीटर लगाए जा रहे हैं। पुरानी बस्ती इलाके के 500 घरों में स्वचालित प्लास्टिक से बने वाटर मीटर लगाने का काम पूरा कर लिया गया है। बाकी के वार्डों में मार्च तक वाटर मीटर लगाने का टारगेट दिया गया है। उपभोक्ताओं के यहां नए वाटर मीटर ठेका एजेंसी द्वारा निःशुल्क लगाया जा रहा है।



### प्लास्टिक के वाटर मीटर लगा रहे

*24 घंटे जल आपूर्ति की योजना में 15 वार्डों में 20 हजार प्लास्टिक से बने वाटर मीटर लगाए जाएंगे। इसकी शुरुआत पुरानी बस्ती इलाके से की गई है, जहां अब तक 500 वाटर मीटर लगाए जा चुके हैं।*

*- अमित मिश्रा, प्रोजेक्ट प्रभारी, 24 जल आपूर्ति योजना, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड*

## श्रम विभाग कार्यालय में श्रमिक प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में पहुंच रहे पंजीयन-नवीनीकरण कराने

# सर्वर डाउन, श्रमिकों की पंजीयन-नवीनीकरण कराने लग रही भीड़, बहुतों का दूसरे दिन आ रहा नंबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के श्रम विभाग कार्यालय में श्रमिक कार्ड बनाने के लिए श्रमिकों की भीड़ टूट पड़ी है। हर दिन सैकड़ों की संख्या में श्रमिक अपना पंजीयन एवं नवीनीकरण कराने पहुंच रहे हैं। भीड़ के कारण श्रमिकों को जहां घंटों लाइन में लगना पड़ रहा है, वहीं दूसरी ओर विभाग के जिस ऑनलाइन वेबसाइट साफ्टवेयर से पंजीयन-नवीनीकरण का काम चल रहा है, उसका सर्वर भी डाउन है। इसके कारण श्रमिकों को पंजीयन-नवीनीकरण कराने के लिए टोकन नंबर दिया जा रहा है, लेकिन टोकन नंबर मिलने के बाद भी कई श्रमिकों का पंजीयन एवं नवीनीकरण नहीं हो पा रहा है। ऐसे श्रमिकों को टोकन नंबर लेकर दूसरे दिन बुलाया जा रहा है।






### एक श्रमिक के पीछे लग रहे 10-20 मिनट

विभागीय वेबसाइट का सर्वर इतना डाउन है कि पंजीयन एवं नवीनीकरण कराने में एक श्रमिक के पीछे 10-20 मिनट तक लग रहा है। इसके कारण इसका काम काफी धीमी गति से चल रहा है। पंजीयन-नवीनीकरण करने वाले कर्मचारियों ने बताया कि पंजीयन-नवीनीकरण कार्य प्रदेशभर में चल रहा है। इसके कारण सर्वर की समस्या बनी हुई है। कर्मचारियों ने बताया, सर्वर डाउन के कारण श्रमिकों को घंटों लाइन में लगना ना पड़े, इसके लिए टोकन नंबर दिया जा रहा है और उसी के अनुसार बारी-बारी से श्रमिकों को बुलाया जा रहा है।

### दूसरे जिलों में सर्वर डाउन की समस्या

विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रायपुर के साथ दूसरे जिलों में भी सर्वर डाउन की समस्या बनी हुई है, जिसके कारण श्रम विभाग कार्यालयों में पंजीयन-नवीनीकरण कराने वाले श्रमिकों की भारी भीड़ पहुंच रही है।

### 39 लाख से अधिक आवेदन, इनमें 23 लाख से ज्यादा पंजीकृत

*छत्तीसगढ़ लोक सेवा गारंटी योजना अंतर्गत विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए राज्यभर में अब तक 39 लाख 32 हजार 21 श्रमिकों ने पंजीयन कराने के लिए आवेदन किया है। इनमें से 23 लाख 94 हजार 480 श्रमिकों का पंजीयन किया गया है, जबकि 15 लाख 15 हजार 555 श्रमिकों के आवेदन विभिन्न कारणों से रद्द किए गए हैं।*

### नवीनीकरण के 5 लाख से अधिक आवेदन

प्रदेशभर में नवीनीकरण के लिए 5 लाख 36 हजार 651 आवेदन विभाग को मिले हैं। इनमें 4 लाख 27 हजार 585 का नवीनीकरण किया जा चुका है, जबकि 64 हजार 68 आवेदनों को रद्द किया गया है।

**रायपुर जिले में 2575 पंजीयन एवं 13313 नवीनीकरण के आवेदन लंबित**

रायपुर जिले में पंजीयन के लिए कुल 6 लाख 67 हजार 761 श्रमिकों ने आवेदन किया है। इनमें से 4 लाख 11 हजार 280 श्रमिकों का पंजीयन हो चुका है, वहीं 2 लाख 53 हजार 907 आवेदन रद्द किए गए है। इस तरह कुल आवेदनों में 2574 आवेदन अब तक पंजीयन के लिए लंबित हैं। इसी प्रकार नवीनीकरण के लिए एक लाख 10 हजार 19 आवेदनों में 74 हजार 603 का नवीनीकरण हो चुका है, जबकि 13 हजार 101 आवेदन रद्द किए गए हैं। इस तरह 13 हजार 313 आवेदन अभी लंबित हैं। विदित हो कि श्रमिक कार्ड की वैधता पांच वर्ष है, वहीं नवीनीकरण की वैधता एक वर्ष है। 5 वर्ष के बाद सभी श्रमिक कार्ड को रद्द कर दिया गया है। इसके कारण अब श्रमिकों को विभागीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए दोबारा पंजीयन कराना पड़ रहा है। पंजीयन कराने के साथ श्रमिकों को नवीनीकरण भी कराना पड़ रहा है। नवीनीकरण कराने पर ही श्रमिकों को श्रमिक कार्ड मिल पा रहा है।

## राज्य में अब तक 91.07 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के तहत एक नवंबर 2023 से धान खरीदी का महाअभियान निरंतर जारी है। राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष मोदी की गारंटी के अनुरूप किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान की खरीदी की जा रही है। राज्य सरकार द्वारा अब तक किसानों से 91.07 लाख मीट्रिक टन धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा चुकी है। धान के एवज में किसानों को 20,208 करोड़ रूपए से अधिक राशि का भुगतान किया गया है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान विक्रय का लाभ पूर्व में धान बेच चुके किसानों को भी मिलेगा। इसका आशय यह है कि एक नवंबर से अब तक पूर्व निर्धारित मात्रा के अनुरूप धान बेच चुके किसान, शेष मात्रा का धान, उपार्जन केन्द्र में 31 जनवरी तक बेच सकेंगे।

## आम बजट में आयकर के लिए चैंबर ने केन्द्रीय वित्तमंत्री को भेजा सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- डिपाजिट लेन-देन की सीमा 20 हजार रुपए से बढ़ाकर 2 लाख रुपए की जाए

Chhattisgarh Chamber Of Commerce & Industries

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज ने आम बजट में आयकर के संबंध में केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर सुझाव भेजा है। इसमें डिपाजिट लेन-देन की सीमा को 20 हजार रुपए से बढ़ाकर 2 लाख रुपए करने, हाउसिंग लोन में ब्याज की छूट 2 लाख से बढ़ाकर 4 लाख रुपए करने का सुझाव शामिल है। चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से बताया, बुधवार को चैंबर द्वारा आम बजट के संबंध में पत्र लिखकर केंद्रीय वित्तमंत्री को सुझाव भेजा गया है। चैंबर ने आम बजट के संबंध में प्रदेशभर के व्यापारिक और औद्योगिक संगठनों से सुझाव मंगाए और इन्हीं सुझावों को बजट में शामिल करने केंद्रीय वित्तमंत्री का ध्यान आकर्षित कराया गया है। चैंबर द्वारा भेजे गए सुझावों में वेतन आय की स्थिति में 50 हजार रुपए की मानक छूट को बढ़ाकर 2 लाख करने, क्रेडिट कार्ड एवं डेबिट कार्ड से ट्रांजेक्शन करने पर लगने वाले स्वैपिंग चार्ज को पूरी तरह माफ करने का सुझाव शामिल है। टीडीएस का रिटर्न विलंब से प्रस्तुत किये जाने पर विभाग द्वारा 200 रुपये प्रतिदिन लिए जाने वाले शुल्क को समाप्त करने का आग्रह सुझाव के माध्यम से किया गया है।

## आईजी और एसएसपी ने ली पुलिस अफसरों की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

*राजधानी में अपराध नियंत्रण करने रेंज आईजी तथा एसएसपी ने राजपत्रित पुलिस अफसरों की बैठक लेकर अपराध पर अंकुश लगाने नई कार्यप्रणाली बनाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही नियमित अपराध की समीक्षा करने के लिए अफसरों को कहा है। साथ ही मादक पदार्थ बेचने वाले की अंतिम कड़ी तक पहुंचकर कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया है। आईजी रतन लाल डांगी तथा एसएसपी प्रशांत अग्रवाल ने अफसरों की बैठक कर मादक पदार्थ बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मादक पदार्थ पकड़ने के दौरान अंतिम सप्लाई चेन व आरोपियों की तस्दीक कर कार्रवाई करने के लिए कहा है। शराब की अवैध तरीके से बिक्री, भंडारण, परिवहन करने वालों पर कार्रवाई कर रोक लगाने के लिए कहा है। साथ ही संध्या के समय नियमित रूप से राजपत्रित पुलिस अफसरों सहित थाना प्रभारियों को अपने-अपने अनुभाग एवं थाना क्षेत्रों में पैदल पेट्रोलिंग कर विजिबल पुलिसिंग कर संदिग्ध व असमाजिक तत्वों की जांच करने के लिए कहा है।*

## एमबीबीएस डाक्टरों ने स्वास्थ्य मंत्री से कहा- हम हो गए हैं बेरोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करने वाले डाक्टरों ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी अग्रवाल से कहा है कि साढ़े तीन माह से पोस्टिंग नहीं मिलने की वजह से हम बेरोजगार हो गए हैं। राज्य को दो कालेजों से डाक्टर बनने वालों को अनुबंध सेवा के तहत पोस्टिंग दी जा चुकी है, मगर साढ़े तीन सौ छात्रों की ओर अब तक ध्यान नहीं दिया गया है।

वर्ष 2017 में विभिन्न शासकीय कालेजों में एडमिशन लेने वाले छात्रों ने पिछले साल अपनी पढ़ाई पूरी की है। परीक्षा परिणाम सामने आने के बाद उन्हें दो साल के ग्रामीण सेवा के तहत स्वास्थ्य केंद्रों में पदस्थ किया जाना था, मगर ऐसा नहीं हो पाया। आचार संहिता खत्म होने के बाद शासकीय मेडिकल कालेज बिलासपुर और जगदलपुर के छात्रों को इसके तहत पोस्टिंग दे दी गई, मगर रायपुर समेत अन्य शासकीय कालेज के लगभग साढ़े तीन सौ छात्रों के लिए अब तक यह प्रक्रिया पूरी नहीं की गई है। इस बारे में स्वास्थ्य संचालनालय द्वारा प्रकरण मंत्रालय में लंबित होने का तर्क दिया जाता है। चिकित्सा अधिकारी बनने का इंतजार करने वाले छात्रों के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से मिलकर इस मामले की जानकारी दी। उन्होंने तर्क दिया है कि साढ़े पांच साल की पढ़ाई इस बार छह साल में खत्म हुई है। इसके बाद पिछले साढ़े तीन माह से बांड पोस्टिंग नहीं मिलने की वजह से बेरोजगारी के आलम से जूझ रहे हैं।



### अन्य संस्थानों में नहीं कर पा रहे जॉब

*पढ़ाई शुरू करने के पहले शासन स्तर पर हुए अनुबंध के तहत वे दो साल की सेवा पूरी नहीं होने तक निजी स्तर पर अन्यत्र संस्थानों में भी नौकरी नहीं कर पा रहे हैं। इसके अलावा पोस्टिंग आर्डर विलंब से जारी होने की वजह से उन्हें अन्य साथियों की तुलना में देर तक सेवा देनी होगी। यूनाइटेड डाक्टर फ्रंट एसोसिएशन के नेतृत्व में डॉ. रूपेश वर्मा, डॉ. पंकज अग्रवाल, डॉ. शिवानी शिवकुमार, डा. प्रखरदीप गुप्ता ने स्वास्थ्य मंत्री के शासकीय निवास में जाकर उनसे मुलाकात की।*

# ड्राइवर्स अफवाहों से बचें, हिट एंड रन कानून अभी लागू नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ड्राइवर्स को सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी देकर बहकाया जा रहा है। हिंदुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन के रिटेल व एलपीजी डिवीजन के क्षेत्रीय प्रबंधक नितिन श्रीवास्तव व पंकज रत्नपारखी ने बुधवार को प्रेस क्लब में पत्रकारवार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हिट एंड रन कानून को केंद्र सरकार ने अभी देश में लागू नहीं किया है। अभी पुराना कानून ही लागू है। स्वार्थी तत्वों द्वारा फैलाए जा रहे फेक न्यूज के कारण ट्रांसपोर्ट संगठनों और ड्राइवर्स को बहकाने का प्रयास किया जा रहा है। इस तरह की भ्रामक जानकारी से बचने के लिए अपील भी की है।



पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन के अधिकारियों ने आगे बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि नए कानून को लागू करने से पहले अखिल भारतीय मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के प्रतिनिधियों से बातचीत के बाद ही फैसला लिया जाएगा। भारी वाहन चालकों को किसी प्रकार के बहकावे में आने व भयभीत होने की जरूरत नहीं है। इस संबंध में वाहन चालकों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने को लेकर अपील की है। आगे कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा आल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस को पत्र प्रेषित करते हुए स्पष्ट किया है कि भारत सरकार का संबंधित विभाग कानून लागू करने से पहले ही अखिल भारतीय मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के प्रतिनिधियों से बातचीत करेगा। इसके बाद ही कोई फैसला लिया जाएगा। केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने कहा है कि भारतीय न्याय संहिता 106(2) लागू करने से पहले हम ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के प्रतिनिधियों से चर्चा करेंगे। इसके बाद कोई निर्णय लिया जाएगा।

## सोशल मीडिया में वायरल पत्र से लोग हुए भ्रमित

# ड्राइवरों की हड़ताल को लेकर दिनभर असमंजस की स्थिति रही, बसस्टैंड में यात्रियों का टोटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हिट एंड रन कानून को लेकर छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंगठन के बुधवार से हड़ताल पर जाने की घोषणा के बाद पूरे दिन असमंजस की स्थिति रही। सड़कों पर लोकल ट्रकों का संचालन प्रभावित होने के साथ बसों में यात्रियों का टोटा रहा। ओडिशा में ड्राइवरों के हड़ताल में जाने की वजह से ओडिशा मार्ग पर चलने वाली बसें बुरी तरह से प्रभावित हुईं। राजधानी से बुधवार सुबह के लिए बसों का संचालन नहीं हो पाया।

गौरतलब है, छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंगठन के प्रीतम सेन का मंगलवार को सोशल मीडिया में एक पत्र वायरल हुआ था, जिसमें बस तथा ट्रक ड्राइवरों के बुधवार से हड़ताल पर जाने का उल्लेख किया गया था। वायरल पत्र को प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए अलग-अलग ड्राइवर संघ के नेताओं को बुलाकर उन्हें समझाइश दी तथा उन्हें हिट एंड रन कानून अभी लागू नहीं होने के बारे में जानकारी दी। तब ड्राइवरों ने अपनी हड़ताल वापस लेने का निर्णय लिया। उल्लेखनीय है कि पेट्रोलियम टैंकर ड्राइवर संघ ने पहले से हड़ताल पर नहीं जाने का निर्णय लिया था। इसके साथ और कई ड्राइवर यूनियन ने हड़ताल से किनारा कर लिया था।



### मुख्यमंत्री ने ट्विट कर अफवाह से बचने अपील की

ड्राइवरों के हड़ताल पर जाने संबंधित अफवाह को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एक्स में ट्विट करते हुए लोगों से हिट एंड रन कानून के नए प्रावधानों के संबंध में फैलाई जा रही अफवाहों से बचने की अपील की। श्री साय ने कहा कि कुछ स्वार्थी तत्वों द्वारा सोशल मीडिया पर फेक पत्र के माध्यम से फैलाई जा रही भ्रामक जानकारी पर विश्वास न करें। केंद्र सरकार द्वारा भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 (2) लागू करने से पहले अखिल भारतीय परिवहन कांग्रेस से विचार विमर्श करने के बाद ही निर्णय लिया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### राजस्थान विद्युत सीएमडी के साथ उच्च अधिकारियों की होगी बैठक

**रायपुर।** राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम के अध्यक्ष और मुख्य प्रबंधक (सीएमडी) आरके शर्मा बुधवार को रायपुर पहुंचे। सीएमडी श्री शर्मा ने बताया कि वे राजस्थान के लिए कोयले की उपलब्धता को सुनिश्चित करने के लिए छग सरकार के उच्च अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। उल्लेखनीय है कि राजस्थान सरकार छत्तीसगढ़ को कोयले के बदले में सालाना करीब 1000 करोड़ का राजस्व देता है। इनमें से 2013 से संचालित पीईकेबी खदान के विस्तार के लिए राजस्थान सरकार के तरफ से राज्य विद्युत उत्पादन निगम के अध्यक्ष और मुख्य प्रबंधक स्वीकृत जमीन मांगने के लिए रायपुर के दौरे पर आए हैं।

### हसदेव जंगल कटाई रोकने पीएम और सीएम को पत्र

**रायपुर।** हसदेव की जंगल कटाई रोकने के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव अभिषेक कसार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को अपने खून से पत्र लिखा। अभिषेक कसार ने बताया कि भाजपा की प्रदेश में सरकार बनने के बाद से लगातार हसदेव के जंगलों की कटाई की जा रही है तब से युवा कांग्रेस पूरे प्रदेश में लगातार आंदोलन कर रही है। प्रधानमंत्री को लिखे अपने पत्र में कहा कि रामलला अयोध्या में आने वाले है तो भगवान राम के ननिहाल को क्यों नष्ट किया जा रहा है। जिस जंगल (हसदेव अरण्य) में राम ने वनवास का समय माता सीता और भाई लक्ष्मण के साथ बिताया उसे कटने से बचा लीजिए।

### दो दिवसीय किसान मेला और संगोष्ठी 12 जनवरी से

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ युवा प्रगतिशील किसान संघ कार्यालय खपरी कुम्हारी में दो दिवसीय 12 से 13 जनवरी तक किसान मेला और संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे और अध्यक्षता विधायक डोमनलाल कोसेवाडा करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, वित्तमंत्री ओपी चौधरी, वनमंत्री केदार कश्यप उपस्थित रहेंगे। किसान संघ के प्रदेश सचिव भूपेंद्र दुबे ने बताया कि संघ कार्यालय भवन में प्रशिक्षण कार्यशाला वर्ष भर जारी रहती है। विगत एक वर्ष में केला की खेती से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम, ड्रिप सिंचाई का रख-रखाव व जल प्रबंधन, कुंदरु और परवल की उत्तम खेती, जमीन विकास व ट्रेक्टर ऑपरेशन संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। संघ की ओर से किसानों को 20 हजार कटहल के पौधे और 6 हजार नारियल के पौधों का वितरण किया गया है, जिससे 120 किसानों ने फसल परिवर्तन करते हुए पौधे लगाए हैं।

### चूना पत्थर व रेत का अवैध परिवहन करते पांच हाईवा जब्त

**अंडा।** खनिज संसाधन का अवैध परिवहन करते हुए दुर्ग खनिज विभाग ने 5 हाईवा चालकों पर कार्रवाई की है। दुर्ग कलेक्टर के निर्देश पर खनिज निरीक्षक श्री बंजारे की टीम सुबह से ही अंडा सहित आसपास क्षेत्र में हाईवा को रोककर जांच कर रही थी।

# गुढ़ियारी में श्रीमद भागवत कथा के लिए 2 लाख वर्गफीट जगह में बना रहे डोम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गुढ़ियारी के हनुमान मंदिर मैदान पर श्रीमद भागवत कथा समिति और हनुमान मंदिर ट्रस्ट द्वारा 2 लाख वर्गफीट जगह पर विशाल डोम बनवाया जा रहा है। इसके लिए मध्यप्रदेश से 30 कारीगर राजधानी आए हैं, 15 दिन के अंदर यह विशाल डोम बनकर तैयार होगा। इसके साथ ही अयोध्या के राममंदिर की तर्ज पर श्रीमद्भागवत कथा के लिए आकर्षक मंच बनाया जाएगा। डोम में 50 हजार श्रद्धालु एक साथ बैठकर भागवत कथा का श्रवण कर सकेंगे। कथा स्थल पर गोवर्धन पर्वत की झांकी बनाई जाएगी, जो दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहेगी।

गुढ़ियारी में 19 से 25 जनवरी तक श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इसमें कथा वाचन के लिए अनिरुद्धाचार्य महाराज वृंदावन के 30 सदस्यीय मंडली के साथ पधारेंगे। कथा श्रवण के लिए छत्तीसगढ़ के साथ दूसरे राज्यों से भी सत्संग प्रेमी शामिल होने उत्साहित हैं। इनके ठहरने के लिए आयोजन समिति ने गुढ़ियारी में 4 अलग-अलग जगहों पर व यवस्था की है। इनमें जगन्नाथ धर्मशाला, परशुराम भवन, ओशो भवन गुढ़ियारी के साथ ही मारुति मंगलम भवन में व्यवस्था रहेगी।

### 50 हजार लोगों के बैठने की रहेगी व्यवस्था

#### 18 को आएंगे अनिरुद्धाचार्य महाराज, भव्य शोभायात्रा निकलेगी

गुढ़ियारी में हनुमान मंदिर ट्रस्ट और भागवत कथा समिति द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा के सिलसिले में कथावाचक अनिरुद्धाचार्य महराज 18 जनवरी को राजधानी आएंगे। इस दिन बाजे-गाजे के साथ भारत माता चौक से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। आतिशबाजी, पुष्पवर्षा के बीच जयकारे लगाते श्रद्धालु शोभायात्रा में शामिल होंगे। यह शोभायात्रा भारतमाता चौक से होकर गुढ़ियारी के हनुमान मंदिर परिसर स्थित कथा स्थल पहुंचेगी।



- अयोध्या के राममंदिर की तर्ज पर बनेगा मंच
- 19 से 25 जनवरी तक अनिरुद्धाचार्य महाराज की भागवत कथा

#### हैदराबाद के भाग्य नगर से विधायक टी. राजा आएंगे

अवधपुरी मैदान पर आयोजित श्रीमदभागवत कथा के आयोजन में 23 जनवरी को हैदराबाद के भाग्यनगर से भाजपा विधायक टी. राजा सिंह शामिल होंगे। भागवत कथा समिति के अध्यक्ष विकास सेठिया ने बताया, छत्तीसगढ़ में भाग्यनगर के विधायक टी. राजा के आगमन पर उनका स्वागत करने माना एयरपोर्ट पर बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी पहुंचेंगे। कार्यक्रम में अमरावती की भाजपा सांसद नवनीत राणा भी शामिल हो सकती हैं।

#### बना रहे 3 जगह स्वागत द्वार, 1 भव्य एंट्री गेट

आयोजन स्थल पर एक मुख्य द्वार के साथ श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 3 अलग-अलग जगहों पर स्वागत द्वार बनाया जा रहा है। इसकी तैयारी जोर-शोर से चल रही है। कार्यक्रम स्थल को अवधपुरी मैदान गुढ़ियारी का नाम दिया गया है। कथा स्थल को सजाने के साथ ही पानी, बिजली, सफाई की व्यवस्था पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसी मैदान पर 23 जनवरी को धर्मसभा होगी।

### बूढ़ातालाब की बंद सड़क इसी माह होगी शुरू

# दुर्गा मंदिर के सामने गेट हटाकर बनाई सड़क, क्रूज बिल्डिंग का हटा रहे ढांचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

बूढ़ापारा के दुर्गा मंदिर से दानी स्कूल की दीवार होते हुए नेहरू नगर को जोड़ने वाली सड़क अब दोबारा शुरू होगी। स्कूल के गेट को खोलने के साथ ही बगीचे में लगाए गए झूले शिफ्ट कर यहां पहले की तरह सड़क बनाई गई है। दुर्गा मंदिर के पास लगाए गए भारी भरकम गेट को हटाया गया है, ताकि स्कूली छात्राएं और शहरवासी दोबारा इस सड़क का उपयोग आने-जाने के लिए कर सकें। इधर दानी स्कूल की दीवार के पीछे क्रूज बिल्डिंग के लिए बनाए गए लोहे का ढांचा हटाने का काम भी शुरू हो गया है।

राजधानी के बूढ़ातालाब की जिस सड़क को तालाब सौंदर्यीकरण के नाम पर रायपुर स्मार्ट सिटी ने बंद कराया था, उसी को तोड़ने 40 लाख रुपए खर्च कर नेहरू नगर वाले हिस्से में पाथवे पर लगाए पेवर को तोड़कर कंक्रीट की नई सड़क बनाई जा रही है। बच्चों के लिए चिल्ड्रन पार्क में लगाए गए झूले को शिफ्ट कर सड़क बनाई गई है। इसी सड़क का उपयोग अब लोग आने-जाने के लिए कर सकेंगे। इसके साथ ही बच्चों के झूलों की तरफ सुरक्षा के लिहाज से दीवार बनाई गई है, ताकि बच्चे सड़क की तरफ अचानक ना चले जाएं।



- दानी स्कूल, कालीबाड़ी की छात्र-छात्राओं सहित आम जनता को मिलेगी राहत

#### न चौपाटी बनेगी न क्रूज बिल्डिंग

रायपुर स्मार्ट सिटी के अधिकारियों का कहना है, बूढ़ातालाब के परिक्रमा पथ की बंद रोड को बंद करके चौपाटी बनाने की योजना रही, पर इसे निरस्त कर दिया गया है। वहीं क्रूज बिल्डिंग बनाने के लिए तैयार लोहे के भारी भरकम ढांचे के नट बोल्ट खोलकर हटाया जा रहा है। वहां लोगों की आवाजाही को देखते हुए क्रूज बिल्डिंग बनाने की योजना रद्द कर दी गई है।

# बीमा कर्मचारी की हड़ताल मंडल कार्यालय के सामने सभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- भोजन अवकाश से पहले 1 घंटे का बहिर्गमन कर जताया विरोध

भारतीय जीवन बीमा निगम में सभी संवर्गों में जल्द नई भर्ती करने, लंबित वेतन पुनर्निधारण का शीघ्र समाधान करने की मांग को लेकर देशभर के बीमा कर्मचारियों और अधिकारियों ने भोजन अवकाश से पूर्व 1 घंटे का बहिर्गमन कर हड़ताल किया। राजधानी रायपुर के एलआईसी मंडल कार्यालय के सामने जंगी हड़ताली सभा रखी गई। हड़ताल का आव्हान आल इंडिया इंश्योरेंस एंपलाइज एसोसियेशन, फेडरेशन आफ क्लास 1 आफिसर एसोसियेशन, नेशनल फेडरेशन आफ इंश्योरेंस फील्ड वर्कर्स और आल इंडिया एलआईसी एंपलाइज फेडरेशन द्वारा किया गया।

राजधानी रायपुर के एलआईसी मंडल कार्यालय के सामने बीमा कर्मचारियों व अधिकारियों ने देशव्यापी बहिर्गमन हड़ताल के समर्थन में सभा आयोजित की। सभा को संबोधित करते हुए सेंट्रल जोन इंश्योरेंस एंपलाइज एसोसियेशन के महासचिव धर्मराज महापात्र ने एलआईसी के सभी संवर्गों में तत्काल नई भर्ती की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि 2017 में सेवारत 1,23000 अधिकारियों व कर्मचारियों के स्थान पर अब घटकर मात्र 90 हजार लोग ही बचे हैं। इसमें से अधिकतर 55 साल से अधिक आयु वाले हैं, जो आने वाले 5 साल में सेवानिवृत्त हो जाएंगे। ऐसे में नई भर्ती नहीं की गई, तो इतने विशाल संस्थान को चलाना मुश्किल हो जाएगा।

केवल डिजिटलाइजेशन से बीमा उद्योग नहीं चलाया जा सकता, इसके लिए मानव शक्ति की भी जरूरत पड़ेगी।

# उदंती की 70 हेक्टेयर जमीन से कब्जा जमींदोज, दर्जनभर हुए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खबर का असर

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में ओडिशा के लोगों द्वारा कब्जा किए गए 70 हेक्टेयर से ज्यादा वनभूमि को वनकर्मियों ने कब्जा मुक्त कराकर उनके द्वारा किए गए अवैध निर्माण को जमींदोज कर दिया गया। जंगल को कब्जा मुक्त कराने के लिए धमतरी, महासमुंद, गरियाबंद तथा कांकेर के महिला स्टाफ की विशेष भूमिका रही। अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई में महासमुंद की एक महिला स्टाफ अपनी आठ माह की दूधमुंही बच्ची के साथ शामिल हुई।


गौरतलब है, उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के टांगरान में अवैध कब्जा को लेकर हरिभूमि ने प्रमुखता के साथ खबर प्रकाशित की थी। इसके बाद वन अफसर तथा कर्मियों की टीम ने शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए अवैध कब्जा को जमींदोज कर वनभूमि को कब्जा मुक्त कराया। उदंती सीतानदी के डिप्टी डायरेक्टर वरुण जैन के मुताबिक ओडिशा के 23 तथा धमतरी और गरियाबंद के 7 परिवार 70 हेक्टेयर वनभूमि में पेड़ों की कटाई कर पिछले एक दशक से अवैध कब्जा कर रह रहे थे। अफसरों को इसकी जानकारी नवंबर-दिसंबर में सेटेलाइट इमेज से मिली। इसके बाद वन अफसरों ने जगह खाली करने नोटिस जारी किया। नोटिस के जवाब में कब्जा करने वालों ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मदद से हाईकोर्ट में याचिका दायर की, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया।


70 हेक्टेयर वनक्षेत्र में 21 हजार से ज्यादा पेड़ों की कटाई
उदंती-सीतानदी के सघन वनक्षेत्र को उजाड़ने का सिलसिला जारी, ओडिशा के लोगों ने किया कब्जा
सोमवार से बेदखली की कार्रवाई की जाएगी
सेटेलाइट इमेज से चोरी पकड़ी गई

- 21 हजार से ज्यादा पेड़ों की कटाई कर किया था अवैध कब्जा
- अवैध कब्जा मुक्त कराने चार जिलों की महिला स्टाफ की रही विशेष भूमिका
- एक महिला स्टाफ ऐसी जो अपनी आठ माह की बच्ची के साथ कार्रवाई करने पहुंची

#### भारी संख्या में वनकर्मियों की टीम की गई थी तैनात

वन अफसर के मुताबिक जंगल में पेड़ों की कटाई तथा अवैध कब्जा करने को लेकर 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिन लोगों को गिरफ्तार किया गया है, वे कार्रवाई के दौरान व्यवधान उत्पन्न करने के साथ लोगों को भड़काने की कोशिश कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि पिछली दफा की कार्रवाई में इचारदी में अतिक्रमणकारियों ने वन अमले पर हमला कर दिया था। इस बात को ध्यान में रखते हुए कार्रवाई में भारी संख्या में वनकर्मियों की टीम तैनात की गई थी। साथ में जगह को लेकर विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो, इस बात को ध्यान में रखते हुए राजस्व विभाग का अमला भी मौके पर उपस्थित रहा।



#### कब्जा मुक्त कर जगह समतल किया

उदंती-सीतानदी के डिप्टी डायरेक्टर के मुताबिक 40 महिला स्टाफ के साथ ढाई सौ वनकर्मियों की टीम ने जगह खाली कराई। जगह को कब्जा मुक्त कराने के तत्काल बाद स्थल का समतलीकरण कर दिया। साथ ही कुछ हिस्से (डी- ग्रेडेड फारेस्ट) पेड़ काटने के बाद बंजर पड़ी भूमि में कंटूर ट्रेंच बनाये गए, ताकि बारिश के पानी से भू -जल रीचार्ज हो सके और जला दिये गए ठूंठ में से कोपल निकल सके।

#### धार्मिक चबूतरा बनाकर कब्जा बचाने की कोशिश

जंगल में कब्जा करने वालों ने अवैध कब्जा के खिलाफ वन विभाग कार्रवाई न कर पाए, इसके लिए जहां कब्जा किए थे, वहां देवगुड़ी बना लिए थे। कब्जा मुक्त कराने के समय कब्जाधारियों ने देवगुड़ी की आड़ लेकर कार्रवाई में बाधा डालने की कोशिश भी की, लेकिन वन अफसरों ने लोगों की धार्मिक आस्था का सम्मान करते हुए देवगुड़ी को सुरक्षित रखा।

# कलेक्टर ने किया सुबह निरीक्षण, दोपहर में गिरा बरामदे का छज्जा, टला बड़ा हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- कलेक्टोरेट बिल्डिंग के खनिज विभाग दफ्तर के बरामदे का गिरा छज्जा

कलेक्टोरेट बिल्डिंग की दूसरी मंजिल में खनिज विभाग के दफ्तर के सामने बरामदे में छत का एक बड़ा हिस्सा टूटकर गिर गया। इस हादसे के दौरान बरामदे में कोई नहीं था, जिससे कोई हताहत नहीं हुआ। हालांकि यह हादसा बड़ा रूप भी ले सकता था, क्योंकि बरामदे में हर रोज अधिकारियों-कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में आम लोगों का आना-जाना लगा रहता। यही नहीं, हादसे के कुछ घंटे पहले कलेक्टर डा. गौरव सिंह भी विभागीय कार्यालयों का निरीक्षण के दौरान इसी बरामदे से होकर खनिज विभाग के दफ्तर पहुंचे थे। गनीमत है कि छज्जा जिस समय गिरा, उस दौरान बरामदे में न ही कलेक्टर मौजूद थे और न ही अधिकारी-कर्मचारी या आम लोग, नहीं तो हादसे में उन्हें भी चोटें लग सकती थी।



#### बिल्डिंग में कई विभागों के दफ्तर संचालित

तीन मंजिल बिल्डिंग में अधिकारियों के कोर्ट के साथ खनिज विभाग, आबकारी विभाग, भू-अभिलेख, योजना एवं सांख्यिकी, खाद्य विभाग, आदिवासी विकास विभाग, समग्र शिक्षा सहित अन्य विभागों के दफ्तर संचालित होते हैं। इन दफ्तरों में अपर कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में कर्मचारी ड्यूटी करते हैं।

**कृषि विभाग की बिल्डिंग भी हो चुकी है जर्जर :** कलेक्टोरेट स्थित कृषि विभाग की बिल्डिंग भी पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है। इस बिल्डिंग की दूसरी मंजिल के कई कमरों के छज्जे गिर चुके हैं। इन छज्जों के सरिया भी सड़ चुके हैं। इसके बाद भी इन कमरों में कई कर्मचारी अपनी जान की परवाह किए बिना हर रोज बैठने के लिए मजबूर हैं। कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें हर रोज डर लगा रहता है कि कोई छज्जा उन पर गिर ना जाए। इस डर के बावजूद वे कमरे में बैठ रहे हैं।

#### जर्जर हो चुकी है बिल्डिंग

कलेक्टोरेट की तीन मंजिला बिल्डिंग का कई हिस्सा जर्जर हो गया है। इसके कारण इस बिल्डिंग की कई दीवारों में जहां दरारें आ गई हैं, वहीं दीवारों के बाहर निकले छज्जे क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। इससे पहले भी बिल्डिंग के मुख्य गेट के ऊपर का छज्जा, टाउन हॉल की तरफ के छज्जे का बड़ा स्लैब नीचे गिर चुका है। बताया जा रहा है कि टाउन हॉल की तरफ जब छज्जा गिरा था, तो उस समय उसके नीचे में कुछ दोपहिया वाहन पार्क थे। छज्जे के कुछ टुकड़े वाहन पर भी गिरे थे, जिससे वाहन को नुकसान पहुंचा था।

#### नई कलेक्टोरेट बिल्डिंग के कारण पुरानी बिल्डिंग की मरम्मत नहीं


कलेक्टोरेट में 5 मंजिला नई कंपोजिट बिल्डिंग का निर्माण होना है। 29 करोड़ से अधिक लागत से बनने जा रही इस बिल्डिंग की डिजाइन से लेकर टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है, लेकिन इसके बाद भी इसका निर्माण कार्य अब तक शुरू नहीं हो पाया है। नई बिल्डिंग के कारण जर्जर हो रही पुरानी बिल्डिंग की मरम्मत भी नहीं कराई जा रही है।

### चार दिवसीय पुलगांव लोक महोत्सव कल से

**अंडा।** नवयुग दुर्गा समिति एवं वार्ड वासी पुलगांव के सहयोग से चार दिवसीय लोक महोत्सव का आयोजन 13 जनवरी से किया जा रहा है। समिति के संरक्षक लक्ष्मीकांत दुबे ने बताया कि 16 जनवरी तक होने वाले इस लोक महोत्सव में छत्तीसगढ़ की संस्कृति को सहजने का एक छोटा सा प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अंचल के कलाकारों द्वारा रामचरित्र मानस गान का पाठ, बांस गीत , सुवा नृत्य, राउत नाच, पंथी नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी।

### अवैध परिवहन : 10 दिन में रेत-मुरुम और गिट्टी से भरी 29 गाड़ियां पकड़ाईं

**रायपुर।** रायपुर जिले में रेत, मुरुम व गिट्टी का अवैध परिवहन थमने का नाम नहीं ले रहा है। खनिज विभाग की कार्रवाई का पिछले 10 दिन का आंकड़ा बताता है, जिले में खनिज सामग्री का अवैध कारोबार किस तरह से चल रहा है। विभाग ने 1 से 10 जनवरी के दौरान 23 गाड़ियों को पकड़ा है। इन गाड़ियों में 19 रेत, 4 मुरुम, 5 गिट्टी एवं एक ईंट से भरी हुई थी। सभी गाड़ियों के मालिकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उनसे जुर्माना वसूला गया है। जिले में अब तक कई रेत खदानों को पर्यावरण विभाग से अनुमति नहीं मिल पाई है, वहीं कई गिट्टी की खदानों की लीज अवधि भी खत्म हो चुकी है। इसके बाद भी इन खदानों में सिंडीकेट अवैध रूप से उत्खनन और परिवहन का काम करा रहा है। रेत और गिट्टी के अलावा कई मुरुम खदानों में भी अवैध रूप से उत्खनन किया जा रहा है। इस तरह जिले में लगातार खनिज सामग्री का अवैध कारोबार चल रहा है। इस कारोबार को रोकने के लिए विभाग लगातार कार्रवाई तो करता है, लेकिन सिंडीकेट पर पूरी तरह नकेल कसने में अब तक नाकाम साबित रहा है।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### मंदिर जीर्णोद्धार के लिए किया गया सर्वे



दुर्ग। सार्वजनिक श्री सिद्ध पीठ हनुमान मंदिर स्ट्रीट नंबर 3 दीपक नगर दुर्ग के संपूर्ण नवीनीकरण हेतु आज पहला कदम बढ़ाया गया। आर्किटेक्ट श्री टावरी ने मंदिर निर्माण समिति के सदस्यों के साथ मंदिर का सर्वे किया एवं भव्य मंदिर निर्माण हेतु नक्शा निर्धारण के कार्य की शुरुआत की।

### पेड़ कटाई के विरोध में प्रदर्शन आज

दुर्ग । विभिन्न संगठनों और पर्यावरण के प्रति संवेदनशील नागरिकों ने हसदेव अरण्य में हुई पेड़ों की कटाई और प्रभावित आदिवासी समुदाय पर पुलिसिया दमन के विरोध में 12 जनवरी को दोपहर 2 बजे झाड़राम देवांगन स्कूल के सामने गाँधी चौक में मानव श्रृंखला का आयोजन किया जाएगा। जिसमें दुर्ग और भिलाई के नागरिकों से इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने की अपील की है। यह आयोजन पूर्णतः ग़ैर राजनीतिक है जो भी संगठन, व्यक्ति पर्यावरण के प्रति प्रेम और संवेदना रखते है वे इस मुहिम का हिस्सा बन सकते है । हसदेव नदी, जंगल व पर्यावरण को बचाने आदिवासियों की आजीविका और संस्कृति को बचाने हेतु मानव श्रृंखला का हिस्सा बने ।

### 22 को निकाली जाएगी कलश यात्रा

दुर्ग। श्री आदर्श गणेश उत्सव समिति व मातृभूमि सेवा समिति द्वारा अयोध्या राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर दोपहर 12 से शाम 9 बजे तक विभिन्न कार्यक्रम होंगे। जिसमें 22 जनवरी को 1008 भव्य कलश यात्रा पद्मनाभपुर पीसीसी ग्राउंड मां सतरूपा शीतला मंदिर से निकाली जाएगी। जो राम मंदिर कसारीडीह में पूजा अर्चना करते हुए महाराजा चौक पर समापन होगा। तत्पश्चात अयोध्या मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का एलईडी लाइव प्रसारण दिखाया जायेगा। 3 बजे महाभंडारा शाम 6 बजे से आतिशबाजी, लेजर लाइट शो, एलईडी प्रसारण, भजन, 2100 दीप प्रज्वलित महाआरती किया जाएगा।

### दुर्घटना में घायल को आर्थिक सहायता

दुर्ग। कलेक्टर ने दुर्घटना में घायल को 12 हजार 500 रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मॉडल टाउन भिलाई नगर तहसील एवं जिला दुर्ग निवासी श्रीमती मनीषा श्रीवास्तव पति शेखर श्रीवास्तव की विगत 17 मई 2019 को टक्कर मारो और भाग जाओ मोटर दुर्घटना होने से उनके दांये पैर की टीबिया फिबुला की दोनो हड्डियां एवं पंजे की उंगली में फ्रेक्चर होने के कारण आपरेशन कर प्लेट लगाने की पुष्टि की गई।

### मनवा कुर्मी समाज का राज अधिवेशन रानीतराई में 14 को



सेलूद। छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी समाज पाटन राज का वार्षिक राज अधिवेशन 14 जनवरी को रानीतराई में स्व टेक सिंह धुन्धर व स्व मंगलसिंह टिकरिहा सभा स्थल में आयोजित की जाएगी। राज प्रधान ओमप्रकाश वर्मा ने बताया कि इस अवसर पर सुबह 8 बजे से कलश यात्रा बाबा देवता से सभा स्थल तक, महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण, पूजा अर्चना दीप प्रज्वलन के साथ राजकीय गीत, जाती गौरव गीत, अतिथियों का स्वागत, भाषण, पाटन राज का प्रतिवेदन, छात्रवृत्ति वितरण व ध्वजारोहण कार्यक्रम किया जाएगा। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, अध्यक्षता चोवाराम वर्मा केंद्रीय अध्यक्ष मनमा कुर्मी समाज रायपुर, कार्यक्रम संयोजक ओम प्रकाश वर्मा राज प्रधान कार्यवाहक पाटन, विशेष अतिथि विजय बघेल सांसद दुर्ग, विशेष अतिथि सीताराम वर्मा पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष, जितेंद्र वर्मा अध्यक्ष जिला भाजपा, रमन सिंह टिकरिहा जनपद सदस्य, सरपंच निर्मल जैन, डोमेश्वरी वर्मा, कपिल कश्यप सहित समस्त राज प्रधान केंद्रीय पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

# जिले के 6 हजार राम भक्त 25 से जाएंगे अयोध्या, दुर्ग से चलेगी ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

आगामी 22 जनवरी को आयोध्या में भगवान राम की प्रतिमा स्थापना कार्यक्रम में जिले से छः हजार राम भक्तों को दर्शन कराए जाने का टारगेट रखा गया है। आगामी पच्चीस जनवरी से पच्चीस मार्च तक चयनित भक्तों को दर्शन कराया जाएगा। इसके लिए दुर्ग से स्पेशल ट्रेन भक्तों के लिए रवाना की जाएगी। प्रदेश नेतृत्व से निर्देश मिलने के बाद संगठन द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इस अविस्मरणीय और ऐतिहासिक क्षण के बाद अयोध्या दर्शन कब वृहद कार्यक्रम आगामी 25 जनवरी से 25 मार्च 2024 तक अयोध्या दर्शन होना है।

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार प्रत्येक जिले में अयोध्या दर्शन समिति का गठन किया जा रहा है, जिसके अनुसरण में दुर्ग जिला भाजपा प्रभारी राजीव अग्रवाल की सहमति से दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा द्वारा दुर्ग जिला अयोध्या दर्शन समिति घोषित की गई है। जिसमें संयोजक सुरेन्द्र कौशिक, सदस्य राजेन्द्र कुमार पाध्ये, दिलीप साहू, अमिता बंजारे, जयश्री राजपूत को बनाया गया है।

## अयोध्या दर्शन के लिए जिला स्तर पर बनी भाजपा की समिति

### निःशुल्क होगा भोजन दर्शन के बाद वापसी

संगठन के नेताओं ने बताया कि, यात्रा के दौरान भोजन फ्री रहेगी। हांलाकि गुरूवार को प्रदेश में बैठक के बाद चयन के बिन्दु और अन्य विषयों पर चर्चा होगी। जिसके बाद यह तय होगा कि, आयोध्या से कितने भक्त कृतार्थ होगें। बताया गया कि, दुर्ग, रायपुर और बिलासपुर से अलग-अलग ट्रेने भक्तों के लिए चलाए जाएंगे।



### जिला और मंडलस्तर पर बनेगी कमेटी

जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने बताया कि, जिला समिति के बाद मंडल स्तर पर भी समिति बनेगी।



अयोध्या दर्शन हेतु प्रदेश स्तर पर बनी समिति के मार्गदर्शन में जिला समिति और मंडल समिति कार्य करेगी। हर लोकसभा क्षेत्र से 6000 लोग अयोध्या दर्शन हेतु भेजे जाएंगे, इसके संबंध में विस्तृत गाइडलाइन शीघ्र ही जारी की जाएगी।

## विडंबना : वर्ष 2021 से स्वीकृति, बारह माह की थी अवधि

# दो साल से स्वीकृति के बाद भी समूह नल-जल योजना अधूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

दुर्ग। जल जीवन मिशन के तहत जिले के ऐसे गांव जहां जलस्तर बेहद कमजोर है। ऐसे करीब 257 गांव का चयन किया गया है। इन गांव में नदी के किनारे इंटकवेल बनाकर वहां से पेयजल की सप्लाई की जाएगी। इसके लिए नौ योजना में 257 गांव को शामिल किया गया है। इस मिशन के तहत इसके लिए 331 करोड 96 लाख रूपए खर्च किए जाएंगे।

उल्लेखनीय है कि, वर्ष 2019 से जिले में करीब 362 करोड रूपए की लागत से 385 गांव में जल जीवन मिशन के तहत कार्य किया जाना है। योजना के तहत 155843 घरेलू परिवार है, इसमें विगत वर्ष दिसंबर माह तक 130339 यानि 83 फीसदी परिवार को कनेक्शन दिया जा चुका है। इसके आलावा इस योजना के तहत सात समूह योजनाएं अलग से संचालित है। इसके लिए केन्द्र द्वारा 331 करोड रूपए का प्रावधान किया गया है। हालांकि इस मिशन की शुरूआत जिले में 2019 से शुरू हुई थी, जिसे वर्ष 2023 तक समाप्त किया जाना था। लेकिन ठेकेदारों ने पिछले चार साल से ठेका लेकर कौडीभर का काम नही किया गया है।

## ढाई सौ से अधिक गांव में नदी के जरिए पहुंचेगा पेयजल



### प्रोजेक्ट अब तक प्रगति पर

जानकारी अनुसार चंदखुरी-कोलिहापुरी-पीसेगांव समूह जल प्रदाय योजना (31 ग्राम) दुर्ग, 2 जेवरा-सिरसाखुर्द-भटगांव समूह जल प्रदाय योजना (17 ग्राम) दुर्ग, 3 निकुम समूह जल प्रदाय योजना (13 ग्राम) दुर्ग, 4 पथरिया समूह जल प्रदाय योजना (28 ग्राम) धमधा, 5 ओदरागहन-सुरपा समूह जल प्रदाय योजना (19 ग्राम) पाटन, 6 अमलेश्वर समूह जल प्रदाय योजना (17 ग्राम) पाटन, 7 कौही समूह जल प्रदाय योजना (14) ग्राम) पाटन, 8 अंजोरा (ढाबा) समूह जल प्रदाय योजना (50 ग्राम) दुर्ग, 9 मोतिमपुर समूह जल प्रदाय योजन (57 ग्राम) धमधा शामिल है। ये सभी काम वर्तमान में प्रगतिरत है।

### दो कलेक्टर बदल गए काम नहीं

मिशन की शुरूआत के बाद इसे चार हो गए है। इस बीच जिले में दो कलेक्टर बदल गए। तत्कालीन कलेक्टर डां सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे और हाल में तबादला हुए पुष्पेन्द्र कुमार मीणा रहे। लेकिन दोनो के द्वारा कई चरण में बैठक ली गई। लेकिन धरातल पर काम नही हो पाए। इस प्रोजेक्ट को वर्ष 2023 में पूरी तरह पूर्ण कर लेना था। लेकिन मिशन के तय लागत में करीब पच्चीस करोड रूपए की एसओआर दर बढ गया है। जिसके चलते ठेकेदारों की लापरवाही का खामियाजा राज्य शासन को भुगतान पड़ेगा।

# डाईट में कैरियर मार्गदर्शन कार्यशाला संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

- विभिन्न रोजगार मूलक, व्यावसायिक प्रशिक्षण की दी गई जानकारी

जिला मुख्यालय स्थित डाईट में गुरुवार को कैरियर मार्गदर्शन एवं व्यावसायिक शिक्षा प्रशिक्षण कार्यशाला के द्वितीय एवं तृतीय दिवस की सर्वप्रथम गतिविधियों पर आधारित प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इसके उपरांत संस्था के व्याख्याता जीएल खुटियारे एवं राजकुमार वर्मा ने क्षमता विकास एवं सतत विकास पर विशेष जानकारी दी। प्रथम सत्र के प्रारंभ में मास्टर ट्रेनर ज्योति श्रीवास्तव ने व्यावसायिक शिक्षा की अवधारणा एवं महत्व तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं राष्ट्रीय पाठयचर्या की रूपरेखा अंतर्गत व्यावसायिक शिक्षा पर पावर पाइंट प्रेजेंटेशन द्वारा अपना प्रस्तुतीकरण किया। द्वितीय सोपान मे मास्टर ट्रेनर सुनील कुमार झा ने कैरियर मार्गदर्शन में विद्यार्थियों, पालकों, समुदाय, विद्यालयों, परामर्शदाता, परिवेश आदि तत्वों की भूमिका पर सामुहिक चर्चा एवं प्रस्तुतीकरण के माध्यम से अपने विचारों को अभिव्यक्ति प्रदान की। प्रशिक्षु शिक्षकों ने उक्त प्रस्तुतीकरण में अपनी सक्रिय भागीदारी दी। मास्टर ट्रेनर शालिनी दुबे ने सहयोग प्रदान किया। द्वितीय सत्र मे विशेष अतिथि प्रवक्ताओं के रूप में लाइवलीहुड कॉलेज से उपस्थित प्राचार्य रोशन वर्मा एवं प्रशिक्षक दीपक सिन्हा के द्वारा कॉलेज में संचालित विभिन्न रोजगार मूलक व्यावसायिक प्रशिक्षण की विस्तार से जानकारी दी गई। विशेष रूप से इलेक्ट्रिक क्षेत्र के कार्यों को प्रायोगिक प्रदर्शन के द्वारा प्रस्तुत किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम प्रभारी संस्था की व्याख्याता यमुना जांगड़े ने किया।

## राठी ने जेसीआई के 51वें अध्यक्ष पद की शपथ ली

दुर्ग। एक ऐतिहासिक क्षण में, जेसीआई दुर्ग भिलाई के 51वें शपथ ग्रहण और अवार्ड समारोह मे आयोजित भव्य आयोजन के बीच जेसी योगेश पद्मा राठी ने अपनी टीम के साथ अध्यक्ष पद का कार्यभार संभाला। पूर्व अध्यक्ष जेसी सुरेंद्र मोनिका खेतान के सफल नेतृत्व तथा सचिव जेसी संतोष रानू कुमार और टीम गोल्ड के उत्कृष्ट कार्यकाल के बाद सचिव के रूप में जेसी जी एसएम नोमिनी वामशी और उपाध्यक्ष के रूप में जेसी नितिन निशा अग्रवाल, जेसी हिमांशु कल्पना देवांगन, जेसी कर्मेंद्र नीतू त्यागी, जेसी आनंद रानी जैन, जेसी गौरव प्रकृति अग्रवाल और जेसी गौतम श्वेता देशलेहरा और कोषाध्यक्ष जेसी अतुल प्रीति जैन ने शपथ ली। मेंटर जेसी नितिन दीक्षा अग्रवाल ने बताया कि पूर्व अध्यक्ष जेसी रजनीश मंजू जयसवाल ने समारोह का उत्कृष्ट संचालन किया, जबकि कार्यक्रम निर्देशक जेसी चंद्रेश प्रीति राठी थे।

# स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी व बाल मेले का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हांटरांका में 10 जनवरी बुधवार को विज्ञान प्रदर्शनी सह बाल मेला का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर हाई और हायर सेकंडरी कक्षाओं द्वारा विज्ञान से जुड़े तथ्यों और अनुप्रयोगों का संज्ञान कराने वाले मॉडल बनाए गए।

मॉडल में अत्याधुनिक मशीनों का मॉडल जैसे लेज़र सुरक्षा मॉडल, टेस्ला कुंडली, अग्नि अलार्म, चंद्रयान, वाष्पीकरण, हाइड्रोलिक ब्रेक, हाइड्रोलिक क्रेन,विद्युत चुम्बक, हृदय, पोषण परिवहन, उत्सर्जन प्रक्रिया से सबंधित मॉडल बनाए गए। जिसमें विद्यालय के सभी छात्रों ने अपनी पूर्ण सहभागिता और कार्य के प्रति निष्ठा का प्रदर्शन किया। कला संकाय के छात्रों ने तमाम व्यंजनों को स्वयं बनाया और उनका विक्रय किया। इस कार्यक्रम में समस्त ग्रामवासी, प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय के छात्रगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर ग्राम सरपंच राम खेलावन साहू सहित पंचगण, विद्यालय के शिक्षक स्टॉफ, प्राचार्य डी. एल. भुआर्य, अभिलाष जैन, छाया जैन, मनीषा सिंह, गणेश सप्रे, रामचंद्र पटेल, चेतन वर्मा और हरीश पटेल मौजूद रहे।

## श्रेष्ठ संकल्पों से सकारात्मक उर्जा की उत्पत्ति : सूर्य भाई

दुर्ग। ब्रह्माकुमारीज के पीस ऑफ माइंड चैनल द्वारा चलाए गए कार्यक्रम 'समाधान' द्वारा कलयुगी दुनिया में उलझे हुए, समस्याओं से घिरे हुए, लाखों मनुष्य आत्माओं को अध्यात्म का सत्य मार्ग दिखाकर समस्याओं से मुक्त कर उनका जीवन सुख-शांति से संपन्न बनाने वाले सूर्य भाई का एक दिवसीय प्रवास पर ब्रह्माकुमारीज़ के बघेरा स्थित आनंद सरोवर में आगमन हुआ। जहाँ उन्होंने अपने विचार रखे। पुणे से पधारे हुए संदीप भाई ने सभी को श्रेष्ठ योग अनुभूति करायी । ब्रह्माकुमारी दुर्ग की संचालिका रीटा बहन ने सभी आगंतुक अतिथियों का आभार व्यक्त किया व मंच संचालन ब्रह्माकुमारी रूपाली बहन ने किया।

## नारायणपुर में घर-घर बांटा जा रहा अक्षत



बेमेतरा/नारायणपुर। ग्राम पंचायत नारायणपुर में बाल समाज व रामायण समिति के द्वारा अयोध्या में बन रहें भव्य श्रीराम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का आमंत्रण देने अक्षत पुष्प, भव्य मंदिर की फोटो घर-घर जाकर बांटी जा रही है। इसके अलावा अक्षय कलशयात्रा, रामधुनी के साथ कीर्तन करते हुए गांव भ्रमण कर 22 जनवरी को भव्य रूप से मनाए जाने का संदेश आम जनों को दिया जा रहा है। इस दौरान सरपंच बिसाहू राम साहू व रामायण समिति के सदस्य जुटे हुए हैं।

## हनुमान मंदिर में हुआ अन्नदान



बेमेतरा। सामाजिक संस्था लीनेस क्लब प्रेरणा की माइक्रो चेयरपर्सन शशि तिवारी द्वारा शहर के घड़ी चौक स्थित हनुमान मंदिर में अन्नदान का कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर भिक्षुओं को अन्न, मिठाई, फल का वितरण किया गया। मंदिर में पहुंचे दर्शनआर्थियों को लड्डू का प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान क्लब की सचिव रामेश्वरी साहू, कोषाध्यक्ष डॉक्टर निधि बनाकर सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे ।

## विभागीय परीक्षा के लिए बीआईटी को बनाया गया परीक्षा केंद्र, परीक्षा 29 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले में 29 जनवरी से 5 फरवरी तक विभागीय परीक्षा आयोजित करने के कार्यक्रम की घोषणा की गई है। जिसके लिए भिलाई प्रौद्योगिकी संस्थान बीआईटी दुर्ग को परीक्षा केंद्र नामांकित किया गया है। दुर्ग संभाग के उपायुक्त रा ने भिलाई प्रौद्योगिकी संस्थान बीआईटी दुर्ग के प्राचार्य को पत्र जारी कर विभागीय परीक्षा संचालन हेतु उक्त अवधि के लिए आवश्यकतानुसार 02 कक्ष आरक्षित करने तथा परीक्षार्थियों की बैठक एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था के संबंध में संभागायुक्त कार्यालय को सुचित करने निर्देशित किया है।

## क्रीड़ा प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाया जौहर



दुर्ग। संकुल स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ विगत मंगलवार को तिलक संकुल द्वारा किया गया। संकुल के तहत आने वाले सात प्राथमिक शाला एवम पांच पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चो ने भाग लिया। प्रतियोगिता बैगापारा मिनी स्टेडियम में किया गया। प्रतियोगिता में प्राथमिक विभाग से 250 बच्चो ने खेलकूद में भाग लिया। प्रतियोगिता का आरम्भ के दौरान मुख्य अतिथि संकुल प्राचार्य आसिमा चटर्जी उपस्थित रही। संकुल के कुल 45 शिक्षको ने क्रीड़ा प्रतियोगिता में सहयोग प्रदान किया। जिसमें मुख्य रूप से रघुनाथ राव प्रधान पाठक तिलक, किशोर अग्रवाल प्रधान पाठक तिलक कन्या, कमल वैष्णव संकुल समन्वयक तिलक, सोनाली जोशी, गीतांजलि चंद्राकर, दीपिका सोनी, चुने राम साहू, राहुल झा, नूतन साहू, भूषण यादव, रमाकांत देशमुख आदि शिक्षकों ने प्रथम दिवस की प्रतियोगिता संम्पन कराए।

## पुलगांव नाला के गंदे पानी को रोकने की पहल

# गंदे पानी को रोकने बनेगा अतिरिक्त चैनल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- पुलगांव नाले के गंदे पानी को रोकने की पहल

पुलगांव नाले के गंदे पानी को रोकने के लिए अतिरिक्त चैनल तैयार किया जाएगा। इस चैनल के जरिए नाले के गंदे पानी को नदी के किनारे से डायवर्ट किया जाएगा। इसे लेकर बुधवार को विधायक गजेन्द्र यादव की अगुवाई में निगम के अधिकारियों ने मौका का निरिक्षण किया। विधायक ने इस प्रोजेक्ट को तत्काल लागू करने निर्देश दिए है।

विधायक गजेन्द्र यादव ने निरिक्षण के दौरान सात तालाबों को जोडकर सिंचाई किए जाने का भी सुझाव दिया है। उल्लेखनीय हैं कि, पुलगांव नाला का गंदा पानी लंबे समय से एनीकट में मिल रहा है। वही अब इस गंदे पानी को डायवर्ट करने एनीकट के नीचे छोड़ने अतिरिक्त चैनल बनाया जाएगा। श्री यादव ने जलसंसाधन विभाग के ईई, निगम आयुक्त एवं स्वास्थ विभाग के अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से मौके का मुआयना कर इसके योजना तैयार की एवं जरूरी दिशा निर्देश दिए है। गौरतलब है कि पिछले कई वर्षों से निगम की गलती से संपवेल पुलगांव नाला में स्थापित हो गया है। जिसकी वजह से शहर की जनता को गंदा पानी पीने मजबूर होना पड़ता है। इसके मद्देनजर श्री यादव आज सुबह से मौके का अधिकारियों की संयुक्त टीम के साथ मौके का निरीक्षण किया अधिकारियों ने संपवेल के पास बने एनीकट को नाकाफी बताया। उन्होंने पुलगांव नाला के पानी को संपवेल के पहले अतिरिक्त चैनल बनाकर एनीकट के नीचे छोड़ने निर्देश दिए।



### 5 सौ एकड़ में होगी सिंचाई

निरिक्षण के दौरान डोंगिया तालाब, टप्पा तालाब, बाबू तालाब, हत्यारा तालाब, भांगड़देव तालाब सहित सात तालाबों को आपस में जोड़कर इसके अतिरिक्त पानी को नहर नाली के माध्यम से बघेरा, कोटनी, मोहलाई की ओर डायवर्ट कर उक्त पानी से खेतों में फसलों की सिंचाई किए जाने का सुझाव विधायक द्वारा दिया गया है। इससे इन क्षेत्रों के लगभग 5 सौ एकड़ क्षेत्र की सिचाई होगी।

### तालाब का पानी रहेगा साफ

अफसरों ने सुझाव दिए है कि, तालाब में मिलने वाले गंदे पानी को डायवर्ट करने से यहां का पानी साफ होगा और शेष पानी से सिंचाई के लिए उपयोग किया जा सकाता है। बरसात में होने वाले जलभराव से भी इससे राहत मिलेगी। उक्त नहर के माध्यम से बरसात का पानी सीधे शिवनाथ नदी में चला जाएगा। इसी प्रकार टप्पा तालाब व भांगड़ देव तालाब को साफ करने में छोड़े जा रहे सिवरेज की पानी के लिए नहर नाली बनाने कार्य योजना बनाने प्रस्ताव तैयार होगा।

